# एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन व हास्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश करेंगे कनाडा के उद्यमी

## योगी से मिला कैनेडियन हिंदू चैंबर्स आफ कामर्स का प्रतिनिधिमंडल

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को वैश्विक मंच पर नई मजबूती मिली है। कैनेडियन हिंदू चैंबर्स आफ कामर्स के 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर प्रदेश में एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन और हास्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की इच्छा जताई है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और प्रदेश को सुरक्षा, सुव्यवस्था व निवेश के लिए अनुकूल बताया।

अपने सरकारी आवास पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल को अयोध्या, काशी और प्रयागराज के प्रमुख धार्मिक स्थलों के भ्रमण का आमंत्रण देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप ट्रेड, टेक्नोलाजी और टूरिज्म के क्षेत्र में नए प्रयासों पर जोर दिया।

● 50 बेड का अस्पताल व सीनियर सिटिजन होम्स होगा स्थापित

● 'इन्वेस्ट इंडिया इन्वेस्ट कनाडा' में तीन में दो यूपी केंद्रित आयोजन



सीएम योगी आदित्यनाथ से रविवार को उनके आवास पर मुलाकात करता कैनेडियन हिंदू चैंबर आफ कामर्स का प्रतिनिधिमंडल ●सूचना विभाग

पूरी खबर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

कैनेडियन हिंदू चैंबर्स आफ कामर्स के संस्थापक अध्यक्ष नरेश कुमार चावड़ा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए बताया कि इस वर्ष कनाडा में 'इन्वेस्ट इंडिया-इन्वेस्ट कनाडा' का आयोजन तीन बार होगा, जिनमें दो आयोजन यूपी-केंद्रित होंगे।

उन्होंने कहा कि उनकी टीम यूपी में 50 बेड का हास्पिटल और सीनियर सिटिजन होम्स स्थापित करेगी। साथ ही जुलाई-अगस्त और दिसंबर-जनवरी में कनाडा में जन्मे प्रवासी भारतीय बच्चों को यूपी लाकर धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराएगी।